INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VIII | Department: Hindi (2nd Lang) | 02.09.24 |
|---|---|---|
| Worksheet | Topic: पठित गद्यांश व पद्यांश | Note: Pls. slove the worksheet. |

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प लिखिए -

हम पाँच मित्रों ने तय किया कि शाम चार बजे की बस से चलें। पन्ना से इसी कंपनी की बस सतना के लिए घंटे भर बाद मिलती है जो जबलपुर की ट्रेन मिला देती है। सुबह घर पहुँच जाएँगे। हम में से दो को सुबह काम पर हाज़िर होना था इसीजिए वापसी का यही रास्ता अपनाना ज़रूरी था। लोगों ने सलाह दी कि समझदार आदमी इस शाम वाली बस से सफ़र नहीं करते। क्या रास्ते में डाकू. मिलते हैं ? नहीं, बस डाकिन है।बस को देखा तो श्रद्धा उमड़ पड़ी। खूब वयोवृद्ध थी। सदियों के अनुभव के निशान लिए हुए थी। लोग इसलिए इससे सफ़र नहीं करना चाहते कि वृद्धावस्था में इसे कष्ट होगा।

प्रश्न 1 उपर्युक्त गद्यांश के पाठ का नाम और लेखक का नाम लिखिए।

(a) गद्यांश के पाठ का नाम- बस की यात्रा   लेखक का नाम- हरिशंकर परसाई।

(b) लेखक- कामतानाथ, पाठ-लाख की चूड़ियाँ

(c) पाठ- भगवान के डाकिए, लेखक- रामधारी सिंह दिनकर

(d) पाठ- कामचोर, इस्मत चुगताई।

प्रश्न 2. लेखक के मन में बस को देखकर कैसा भाव उमड़ा?

(a) प्रेम   (b) श्रद्धा   (c) दया   (d) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 3. लेखक और उसके मित्रों को कहाँ जाना था?

(a) सतना   (b) जबलपुर   (c) पन्ना   (d) रायगढ़

प्रश्न 4.यात्री इस बस में सफ़र क्यों नहीं करना चाहते थे?

(a) क्योंकि बस के चलने के आसार दिखाई दे रहे थे।

(b) क्योंकि बस में सीटें बहुत कम थी।

(c) क्योंकि बस अपनी जर्जर अवस्था के कारण कहीं धोखा दे सकती थी।

(d) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 5.यह बस कहाँ की ट्रेन से मिला देती है?

(a) सतना की   (b) जबलपुर की   (c) पन्ना की   (d) भोपाल की

प्रश्न 2  निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प लिखिए -

वैसे तो मामा के गाँव का होने के कारण मुझे बदलू को ‘बदलू मामा’ कहना चाहिए था परंतु मैं उसे ‘बदलू मामा’ न कहकर बदलू काका कहा करता था जैसा कि गाँव के सभी बच्चे उसे कहा करते थे। बदलू का मकान कुछ ऊँचे पर बना था। मकान के सामने बड़ा-सा सहन था जिसमें एक पुराना नीम का वृक्ष लगा था। उसी के नीचे बैठकर बदलू अपना काम किया करता था। बगल में भट्ठी दहकती रहती जिसमें वह लाख पिघलाया करता। सामने एक

लकड़ी की चौखट पड़ी रहती जिस पर लाख के मुलायम होने पर वह उसे सलाख के समान पतला करके चूड़ी का आकार देता। पास में चार-छह विभिन्न आकार की बेलननुमा मुँगेरियाँ रखी रहती जो आगे से कुछ पतली और पीछे से मोटी होतीं। लाख की चूड़ी का आकार देकर वह उन्हें मुंगेरियों पर चढ़ाकर गोल और चिकना बनाता और तब एक-एक कर पूरे हाथ की चूड़ियाँ बना चुकने के पश्चात वह उन पर रंग करता।

प्रश्न 1. बदलू कहाँ का रहने वाला था?

(a) लेखक के गाँव का (b) लेखक के पड़ोस के गाँव का

(c) लेखक के मामा के गाँव का (d) इनमें से कोई नहीं लाख की चूड़ियाँ

प्रश्न 2. लेखक बदलू को 'बदलू काका' क्यों कहता था?

(a) क्योंकि वह लेखक के गाँव का था

(b) क्योंकि गाँव के सभी बच्चे उसे बदलू काका ही कहते थे

(c) क्योंकि वह इसी नाम से खुश होता था

(d) क्योंकि वह लेखक का चाचा था।

प्रश्न 3. बदलू कहाँ बैठकर अपना काम करता था?

(a) ऑफिस में (b) अपने घर के अंदर (c) नीम के पेड़ के नीचे (d) एक झोपड़ी में

प्रश्न 4. भट्ठी में बदलू क्या पिघलाया करता था?

(a) चूड़ी (b) लाख (c) तांबा (d) लोहा

प्रश्न 5 लाख की चूड़ियाँ बनाने के लिए बदलू किसका प्रयोग करता था?

(a) मोम (b) गोलबास (c) बोलननुमा मुंगेरियाँ (d) लकड़ी की कटोरियाँ

प्रश्न 3 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प लिखिए -

*साइकिल चलाने के बहुत निश्चित आर्थिक निहितार्थ थे। इससे आय में वृद्धि हुई है। यहाँ की कुछ महिलाएँ अगल-बगल के गाँवों में कृषि संबंधी अथवा अन्य उत्पाद बेच आती हैं। साइकिल की वजह से बसों के इंतजार में व्यय होने वाला उनका समय बच जाता है। खराब परिवहन व्यवस्था वाले स्थानों के लिए तो यह बहुत महत्त्वपूर्ण है। दूसरे, इससे इन्हें इतना समय मिल जाता है कि ये अपने सामान बेचने पर ज्यादा ध्यान केंद्रित कर पाती हैं। तीसरे, इससे ये और अधिक इलाकों में जा पाती हैं। अंतिम बात यह है कि साइकिल प्रशिक्षण से महिलाओं के अंदर आत्मसम्मान की भावना पैदा हुई।*

प्रश्न 1.साइकिल चलाने का आर्थिक निहितार्थ क्या था ?

(a) साइकिल चलाने से पैसा मिलता था (b) साइकिल चलाना शान का काम था

(c) कुछ महिलाएँ आसपास के गाँवों में कृषि सम्बन्धी उपज बेच आती हैं, बसों के इंतजार में नष्ट होने वाला समय बच जाता है

(d) साइकिल की दुकान खोलना आसान है

प्रश्न 2.साइकिल कहाँ महत्त्वपूर्ण थी ?

(a) महानगरों में (b) खराब परिवहन व्यवस्था वाले स्थानों के लिए

(c) जहाँ बस की सभी सुविधाएँ हों (d) कुछ स्थानों पर

प्रश्न 3.साइकिल चलाने से समय की बचत का क्या लाभ हुआ ?
(a) घर में रहने का समय मिलने लगा (b) सामान जमा करना आसान हो गया
(c) बाहर फेरी लगाने से बच गई
(d) समय बचने से ये महिलाएँ अपना सामान बेचने पर ज्यादा ध्यान दे पाती हैं और अधिक क्षेत्रों में जाकर अपना सामान बेच लेती हैं
प्रश्न 4. साइकिल प्रशिक्षण से महिलाओं में क्या भावना पैदा हुई ?
(a) साइकिल प्रशिक्षण से महिलाओं में आत्मसम्मान की भावना पैदा हुई
(b) हीनता की भावना (c) व्यापार करने कि भावना (d) घूमने-फिरने की भावना
Question 5. 'निहितार्थ' का सन्धि-विच्छेद कीजिए।
(a) नि + हितार्थ (b) निहि + तार्थ (c) निहिता + र्थ (d) निहित + अर्थ

प्रश्न 4 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर सही विकल्प लिखिए
*तेरे लाल मेरौ माखन खायौ।*
*दुपहर दिवस जानि घर सूनो ढूंढि-ढंढोरि आपही आयौ।*
*खोलि किवारि, पैठि मंदिर मैं, दूध-दही सब सखनि खवायौ।*
*ऊखल चढ़ि, सीके को लीन्हौ, अनभावत भुइँ मैं ढरकायौ।*
*दिन प्रति हानि होति गोरस की, यह ढोटा कोर्ने ढंग लायो।*
*सूर स्याम कौं हटकि न राखै तैं ही पूत अनोखौ जायो।*
प्रश्न 1.'तरै लाल मेरौ माखन खायौ'-यह शिकायत किसने किससे की और किसके बारे में की ?
(a) यह शिकायत कृष्ण जी ने गोपियों के बारे में यशोदा जी से की
(b) यह शिकायत यशोदा ने गोपियों के बारे में कृष्ण जी से की
(c) यह शिकायत गोपियों ने कृष्ण जी के बारे में यशोदा जी से की
(d) यह शिकायत पड़ोसियों ने गोपियों के बारे में की
प्रश्न 2.कृष्ण जी मित्रों के साथ किस समय गोपियों के घर में जा घुसे ?
(a) दोपहर के समय घर को सूना समझकर
(b) शाम को (c) रात में (d) सुबह के समय
प्रश्न 3. कृष्ण जी ने मित्रों के लिए मक्खन किस प्रकार सीके से उतारा ?
(a) सीढ़ी लगाकर (b) ऊखल पर चढ़कर (c) मेज पर चढ़कर (d) दीवार पर चढ़कर
प्रश्न 4.गोपियाँ यशोदा माता को कृष्ण के बारे में क्या उलाहना देती हैं ?
(a) मक्खन तुमने खिलाया होगा (b) तुम्हारा कन्हैया मक्खन नहीं खाता
(c) तुम कन्हैया को मक्खन खाने को नहीं देती
(d) कृष्ण को तुम रोक कर नहीं रखतीं। लगता है तुमने ही अनोखे पूत को जन्म दिया है

==========================================================